अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध/ई–मेल

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0–6/परीक्षा फार्म/2024/7010 लखनऊः दिनांकः– 06.01.2024

विषयः विषम सेमेस्टर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर–2023 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भराए जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक कार्यालय पत्र संख्या प्राशिप/अनु0–06/परीक्षा फार्म/6189, दिनांक 14/12/2023 एवं प्राशिप/अनु0–06/परीक्षा फार्म/6689, दिनांक 30/12/2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिनके माध्यम से विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर–2023, की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा पत्र ऑनलाइन भराए जाने हेतु दिनांक 18/12/2023 से 22/12/2023 तक एवं दिनांक 01/01/2024 03/01/2024 के मध्य पोर्टल खोला गया था।

सूच्य है कि कतिपय संस्थाओं के विषम सेमेस्टर परीक्षा/विशेष बैक पेपर परीक्षा, दिसम्बर–2023, की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्राएं परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह गये हैं, उक्त के परिप्रेक्ष्य में छात्रहित के दृष्टिगत परिषद से सम्बद्ध समस्त संस्थाओं को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 08/01/2024 को एक दिन के लिए पोर्टल खोला जा रहा है। उक्त तिथि के उपरान्त किसी भी दशा में कार्यालय द्वारा पोर्टल नहीं खोला जाएगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि प्राथमिकता के आधार पर वंचित पात्र छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन पत्र अनिवार्य रूप से समयान्तर्गत भराया जाना सुनिश्चित करें। यदि कोई भी छात्र/छात्रा परीक्षा फार्म भराए जाने से वंचित रहता है तो इसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्था प्रधानाचार्य का होगा।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0: प्राशिप/अनु0–6/परीक्षा फार्म/2024/7011-13 तद्दिनांकः 06.01.2024

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा, परिषद को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करते हुए उक्त सूचना परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव